राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'लॉक–डाऊन' अवधि में सबसे संयम, शांति, साहस और सहयोग बनाये रखने की अपील की

पटना, 14 अप्रैल 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सभी बिहारवासियों से 'लॉक–डाऊन' की बढ़ायी गई अवधि (3 मई तक) में भी 'सोशल डिस्टेन्सिंग' सहित सभी विहित प्रावधानों का परिपालन करने में पूरा आत्मानुशासन, संयम, शांति और सहयोग बरतने की अपील की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि कोरोना महामारी एक वैश्विक संकट बनकर पूरी दुनियाँ के सामने आयी है। भारत में इस महामारी के संक्रमण को रोकने के लिए सभी भारतवासियों ने पूरे संयम, त्याग, साहस और सहयोग का परिचय दिया है। बिहार में राज्यवासियों के सहयोग तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार के सुनियोजित और सुव्यवस्थित प्रयासों के फलस्वरूप 'कोरोना–संक्रमण' को नियंत्रित करने में बहुत हदतक कामयाबी मिली है। 'लॉक–डाऊन' की अवधि में सरकारी प्रयासों के जरिये गरीबों और जरूरतमंद लोगों को हर अपेक्षित मदद प्रदान की जा रही है और इसकी सतत मोनिटरिंग भी हो रही है।

राज्यपाल ने कहा है कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री के आज प्रसारित 'राष्ट्र के नाम संदेश' के आलोक में सभी बिहारवासियों को 'लॉक–डाऊन' की अवधि में पूर्व की भाँति आगे भी 'सोशल डिस्टेन्सिंग' का भली–भाँति पालन करते हुए अपने–अपने घरों में बने रहना चाहिए। राज्यपाल ने मास्क, गमछा आदि के प्रयोग पर भी जोर दिया है। राज्यपाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री जी द्वारा दिये गये 'सप्तपदी' के सुझावों पर अमल करते हुए समाज में सभी बुजुर्गों का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। अपनी इम्युनिटी (रोग–प्रतिरोधक क्षमता) बढ़ाने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा परामर्शित दिनचर्या अपनानी चाहिए। स्वयं आरोग्य रहने तथा 'कोरोना–संक्रमण' नियंत्रित करने के लिए 'आयोग्य सेतु' मोबाइल एप को 'डाऊनलोड' करते हुए सबको उसका समुचित उपयोग करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा है कि संकट की इस घड़ी में समाज के गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों की मदद करना हम सबका नैतिक दायित्व और कर्त्तव्य है, अतएव इनकी सहायता में सबको तत्पर रहना चाहिए। राज्यपाल ने अनुरोध किया है कि इस संकट–काल में किसी भी सेवा–संस्थान से किसी भी कार्मिक को नौकरी से नहीं हटाया जाना चाहिए।

राज्यपाल श्री चौहान ने 'कोरोना महामारी' के संक्रमण के संकट–काल में इसके नियंत्रण हेतु कार्यरत सभी चिकित्सकों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, पुलिसकर्मियों, सफाईकर्मियों सहित सभी कोरोना–योद्धाओं का उनकी सेवाओं के लिए अभिनंदन करते हुए सबसे इनकी हौसला–अफजाई की गुजारिश की है।

....